पंजाब केसरी 14/10/2023

जी.एम.एन. कालेज में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हुई प्रतियोगी परीक्षा

अम्बाला, 13 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के रोड सेफ्टी क्लब ने प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता और हरियाणा पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुकता पैदा करना था।

इस अवसर पर कालेज के प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों से नए ट्रैफिक नियमों की चर्चा करते हुए कहा कि सड़क पर बढ़ रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी को वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। इस परीक्षा द्वारा विद्यार्थियों ने ड्राइविंग कौशल बढ़ाने का ज्ञान प्राप्त किया।

परीक्षा का आयोजन डा. एस.एस. नैन और डा. सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर प्रो. रमनीत कौर और प्रो. जसमीता भी मौजूद रहीं।



सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी।